>

Title: Need to provide subsidy on fertilizers to farmers in the country.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर):भारत सरकार द्वारा उर्वरक में दी जाने वाली सब्सिडी खत्म किये जाने से किसान अत्यधिक क्षुब्ध है। देश में बारिश समय से न होने से जहां सूखा पड़ा हुआ है और देश के कई राज्यों में इस वक्त बाढ़ आई हुई है जिससे किसान अत्यधिक प्रभावित हो गये है। किसानों को उर्वरक में सब्सिडी न मिलने से उनके ऊपर आर्थिक बोझ ज्यादा पड़ जाने से वह भूखमरी की स्थिति में आ गये। फसलों हेतु लिए गए ऋण की अदायगी भी वे नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण से वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि वह उर्वरक में पुनः सब्सिडी प्रदान करे जिससे किसानों पर पड़ने वाले इस बोझ को कम किया जा सके यदि सब्सिडी देने में कोई बाधा हो तो किसानों को नगद धनराशि देकर सहायता प्रदान की जाये जिससे किसान अपने आर्थिक बोझ से उबर कर अपनी फसलों की उपज को बढ़ा सके।